# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FINAL EXAMINATION (16 March 2024)
## Class – IX
## Paper-Hindi Course - B (Set-A)

Time: 3hrs. M.M. 80

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए। खंड - अ

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- 1×5=5

घरवालों से शिष्ट व्यवहार करना उतना ही ज़रूरी है, जितना कि बाहर वालों से। घर में दूसरों का ख़्याल रखने और अच्छा व्यवहार करने से नज़दीकी और अपनापन बढ़ता है। विनम्रता का मतलब है—अच्छी तहज़ीब का पालन।

खुद को संतुष्टि देने के साथ ही विनम्रता और शिष्ट व्यवहार के और भी कई फ़ायदे हैं, किन्तु फिर भी लोग विनम्रता का पालन नहीं करते हैं। कठोर और असभ्य लोग थोड़े समय के लिए सफ़ल हो सकते हैं, मगर ज़्यादातर लोग ऐसे व्यवहार वालों से दूर रहना चाहते हैं और आख़िरकार ऐसे लोग नापसंद किए जाते हैं। बच्चों को बचपन से ही विनम्र व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि बड़े होकर वे सभ्य, समझदार और दूसरों का ख़्याल रखने वाले बन सकें। एक बार विनम्र व्यवहार सीख लें, तो वह उम्र-भर साथ रहता है। यह दूसरों का ख़्याल रखने और संवेदनशील होने के नज़रिए को दर्शाता है। ऐसी बातें सुनने में बहुत छोटी और साधारण लगती हैं, लेकिन इंसान को बहुत दूर तक ले जाती हैं। उदाहरण के लिए—'कृपया', 'शुक्रिया', 'धन्यवाद' और 'मुझे क्षमा कर दीजिए' जैसे चंद शब्द जादू का असर दिखाते हैं। घरवालों को बचपन से ही अपने बच्चों में शिष्टाचार व अच्छे संस्कार सीखने की आदत डालनी चाहिए।

(1) **विनम्रता का अर्थ है—**

(क) सत्य का पालन (ख) प्यार से बोलना

(ग) अच्छी आदतों का पालन (घ) बड़ों की आज्ञा का पालन व छोटों से स्नेह

(2) **निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन (A):** बच्चों को बचपन से ही इस प्रकार की शिक्षा देनी चाहिए, ताकि वे बड़े होकर विनम्र-सभ्य बनें।

**कारण (R):** इससे वे बुद्धिमान व सदाचारी बनेंगे।

(क) कथन (A) सही तथा कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) गलत तथा कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(3) **विनम्र व्यक्ति की पहचान है—**

(क) विश्वसनीय होना (ख) सदाचारी व कर्मशील होना

(ग) संवेदनशील व हितैषी होना (घ) सत्यवादी होना

(4) **विनम्रता का अन्य नाम है—**

(क) सदाचार (ख) आचार-विचार (ग) शिष्टाचार (घ) परोपकार

(5) **'उम्रभर' शब्द का समानार्थक है—**

(क) आउम्र (ख) ताउम्र (ग) नाउम्र (घ) साउम्र

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-1×5=5**

देश को स्वतन्त्र हुए 75 वर्ष हो चुके हैं। इन छः दशकों में निश्चित रूप से भारत बहुत बदला है और जो कुछ सकारात्मक हुआ है, उसे तरह-तरह से देखने और दिखाने वाले बहुत हैं। इसमें कोई आपत्तिजनक बात नहीं है, मगर आजकल मीडिया को विफ़लताओं की तरफ़ देखने की ज़्यादा फ़ुरसत नहीं रही। बहरहाल, विफ़लताओं पर भी नज़र तो डालनी ही होगी। पहली विफ़लता तो हम इसे ही मानेंगे कि हमारे स्वतन्त्रता दिवस को लेकर कोई उत्साह आज आमजनों में नज़र नहीं आता। प्रधानमन्त्री का लाल किले से भाषण इस अर्थ में थोड़ी उत्सुकता जरूर जगाता है कि उसमें वे कुछ जनहितकारी घोषणाएँ करते हैं और इस वर्ष शायद कुछ ज़्यादा करेंगे, क्योंकि आम चुनाव निकट हैं, लेकिन सिर्फ़ इन घोषणाओं को सुनने के लिए टी.वी. के सामने मुँह लगाए बैठे नहीं रह सकते, क्योंकि सामान्य तौर पर हमारे तमाम प्रधानमन्त्री पिछले वर्षों में लाल किले की प्राचीर से जो कुछ कहते रहे हैं, वह एक क़िस्म का सरकारी लिखित वक्तव्य जैसा होता है।

आज़ादी के आस-पास के वर्षों में हमारे पास तमाम क्षेत्रों में एक-से-एक बड़ी हस्तियाँ थीं। चाहे वह राजनीति का क्षेत्र हो, फ़िल्म का हो, संगीत का हो, कला हो या ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र हों, लेकिन आज अक्सर बड़े व्यक्तित्व नदारद हैं। जिस देश का पहला प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू जैसा बड़ा व्यक्तित्व था, क्या हम यह कह सकते हैं कि उनके बाद एक भी इतना बड़ा व्यक्तित्व इस पद तक पहुँचा है?

**(1) प्रधानमन्त्री का भाषण सुनने में आम व्यक्ति थोड़ी बहुत रुचि इसलिए दिखाता है, क्योंकि—**

(क) ऐसा करने में वह गर्व अनुभव करता है
(ख) इससे उसे आनन्द मिलता है
(ग) वह आम जनता के हित से सम्बन्धित घोषणाओं की अपेक्षा करता है
(घ) ऐसा करके वह देश के प्रति अपनी भक्ति दर्शाता है

**(2) प्रधानमन्त्री के भाषण को किसके समान कहा गया है?**

(क) उपदेश के समान (ख) सरकारी वक्तव्य के समान
(ग) गैर सरकारी वक्तव्य के समान (घ) प्रवचन के समान

**(3) जवाहरलाल नेहरू किस क्षेत्र की महान् हस्ती थे?**

(क) साहित्य जगत की (ख) आर्थिक क्षेत्र की (ग) राजनैतिक क्षेत्र की (घ) [illegible] जगत की

**(4) 'सकारात्मक' का विलोम है—**

(क) अनुकरणात्मक (ख) नकारात्मक (ग) निषेधात्मक (घ) अनुसरणात्मक

**(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। इसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन (A) :** आज़ादी के आस-पास के वर्षों मे फ़िल्म, संगीत, कला, ज्ञान व विज्ञान तथा राजनीति के क्षेत्र में हमारे पास महान् हस्तियाँ थीं।

**कारण (R) :** इन महान् हस्तियों ने राजनीति, फ़िल्म संगीत व नृत्य के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(ग) कथन (A) सही तथा कारण (R) गलत है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(घ) कथन (A) गलत तथा कारण (R) सही है।

## 'II' : व्यावहारिक व्याकरण

**3. निम्नलिखित 'शब्द और पद' पर आधारित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **1×2=2**

**(1) शब्दों के मेल से क्या बनाए जाते हैं?**

(क) शब्द (ख) वर्ण (ग) वाक्य (घ) पद

**(2) 'मोहन जा रहा है।' में 'मोहन' है—**

(क) पद (ख) शब्द (ग) वाक्य (घ) वर्ण

**4. निर्देशानुसार 'अनुस्वार तथा अनुनासिक' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** 1×2=2

**(1) अनुस्वार चिह्न के उचित प्रयोग वाला शब्द है—**

(क) उड़ेलना (ख) जंगल (ग) अत्यन्त (घ) चूकि

**(2) अनुनासिक चिह्न के उचित प्रयोग वाला शब्द है—**

(क) सँस्कार (ख) व्यँजन (ग) मुँह (घ) फूकँना

**(3) अनुनासिक चिह्न के उचित प्रयोग वाला शब्द है—**

(क) काटां (ख) कांटा (ग) काँटा (घ) काटाँ

**5. निम्नलिखित 'उपगर्स और प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** 1×4=4

1 (परिकल्पना ) शब्द में उचित उपसर्ग है ।

(i) परिक ( ii) कल्पना (iii) परि ( iv) पर

2 ( वि )उपसर्ग से बना हुआ शब्द नहीं है ।

(i) विज्ञान ( ii) विकार (iii) विनम ( iv) विष

3 ( आई ) प्रत्यय से बना हुआ सही शब्द नही है ।

(i) सिलाई ( ii) लिखाई ( iii) धुलाई ( iv) रजाई

4 ( अभिमानी ) शब्द में कौन - सा प्रत्यय है ?

(i) मानी ( ii) नी (iii) ई ( iv) भमानी

5 (v) आहट प्रत्यय से कौन-सा शब्द संबंधित नहीं है ?

(i) घबराहट (ii) कड़वाहट (iii) चिल्लाहट (iv ) लिखावट

A-2

6. निर्देशानसार 'स्वर संधि' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1×3=3

(1) पवन का संधि विच्छेद कौन सा है ?

(क) पव + अन (ख) पो + अन (ग) पव + न (घ) पो + आन

(2) किस शब्द में यण सन्धि है?

(क) नयन (ख) प्रत्येक (ग) नायक (घ) पावक

(3) वृद्धि सन्धि का उदाहरण है—

(क) एकैक (ख) सदैव (ग) मतैक्य (घ) सभी

(4) अत्याचार का संधि विच्छेद है

(क) अति + अचार (ख) अती + आचार (ग) अति + आचार (घ) अतिअ + चार

किस

7. निर्देशानुसार 'विराम-चिह्न' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1×3=3

(1) जहाँ वाक्य की गति अन्तिम रूप ले ले, विचार के तार एकदम टूट जाएँ, वहाँ किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

(क) योजक-चिह्न (ख) उद्धरण-चिह्न (ग) अल्प विराम-चिह्न (घ) पूर्ण विराम-चिह्न

(2) प्रश्नवाचक तथा विस्मयादिबोधक को छोड़कर सभी वाक्यों के अन्त में प्रयुक्त होता है—

(क) पूर्ण विराम-चिह्न (ख) अर्द्ध विराम-चिह्न (ग) उद्धरण-चिह्न (घ) विवरण-चिह्न

(3) ऐसे उपवाक्यों के बीच जो परस्पर सम्बद्ध होने पर भी स्वतन्त्र वाक्य प्रतीत होते हैं, वहाँ किस चिह्न का प्रयोग होता है?

(क) पूर्ण विराम-चिह्न (ख) अर्द्ध विराम-चिह्न (ग) अल्प विराम-चिह्न (घ) निर्देश-चिह्न

(4) किसी बड़े अंश का संक्षिप्त रूप दर्शाने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

(क) लाघव-चिह्न (ख) अल्प विराम-चिह्न (ग) अर्द्ध विराम-चिह्न (घ) कोष्ठक

8. निर्देशानुसार 'अर्थ की दृष्टि' से वाक्य भेद पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1×2=2

(1) 'मेरा आज बाहर खेलने का मन हो रहा है' अर्थ के आधार पर वाक्य है—

(क) इच्छावाचक (ख) आज्ञावाचक (ग) संदेहवाचक (घ) विधानवाचक

(2) 'तुम यहाँ आओ' अर्थ के आधार पर वाक्य है--

(क) विधानवाचक (ख) संकेतवाचक (ग) आज्ञावाचक (घ) प्रश्नवाचक

(3) कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| 1. आपको किससे मिलना है? | (i) आज्ञावाचक |
| 2. तुम वहाँ जाओ। | (ii) विधानवाचक |
| 3. वह मसूरी गया होगा। | (iii) प्रश्न वाचक |

विकल्प:-

(क) 1- (iii), 2-(i), 3-(ii) (ख) 1- (ii), 2-(iii), 3-(i)

(ग) 1- (i), 2-(ii), 3-(iii) (घ) 1- (ii), 2-(i), 3-(iii)

9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए— 1 × 5 = 5

कई गलियों के बीच
कई नालों के पार
कूड़े-करकट
के ढेरों के बाद
बदबू से फटते जाते इस
टोले के अंदर
खुशबू रचते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ।

(1) खुशबू रचने वाले हाथ कहाँ रहते हैं?

(क) नालों के पार (ख) तंग गलियों में (ग) बदबूदार स्थानों पर (घ) उपर्युक्त सभी में

(2) खुशबू रचने से क्या अभिप्राय है?

(क) इत्र का उपयोग करना (ख) समाज में सौंदर्य की सृष्टि करना

(ग) गुलाब से घर महकाना (घ) अपने जीवन को सुख-सुविधापूर्ण बनाना

(3) श्रमिकों के नन्हें बच्चों के विषय में क्या बताया गया है?

(क) अन्य बच्चों की तरह निश्चिंत (ख) गरीबी के कारण बालश्रम के शिकार

(ग) अमीर बच्चों की भाँति सुखी (घ) मध्यम वर्गीय बच्चों की भाँति पढ़ाई करने वाले

(4) जहाँ अगरबत्तियाँ बनती हैं वहाँ का माहौल कैसा है?

(क) अत्यंत गंदा है (ख) अत्यंत साफ़-सुथरा है (ग) भव्य व आलीशान (घ) इनमें से कोई नहीं

(5) 'खुशबू' का विलोम है—

(क) खुशी (ख) खुशनुमा (ग) बदबू। (घ) हँसी

10. निम्नलिखित दो प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- 1×2=2

(1) 'गीत-अगीत' में कवि ने किसका चित्रण किया है?

(क) प्रकृति की सुन्दरता (ख) जीव-जन्तुओं के प्रति प्रेम

(ग) मानवीय राग (घ) सभी

(2) कवि ने कविता में 'अग्नि पथ' किसे कहा है?

(क) संघर्षमय जीवन को (ख) जनता को (ग) आरामदायक जीवन को (घ) राजा को

11. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $1 \times 5 = 5$

तुम्हें देखकर फूट पड़ने वाली मुस्कुराहट धीरे-धीरे फीकी पड़कर अब लुप्त हो गई है। ठहाकों के रंगीन गुब्बारे, जो कल तक इस कमरे के आकाश में उड़ते थे, अब दिखाई नहीं पड़ते। बातचीत की उछली हुई गेंद चर्चा के क्षेत्र के सभी कोनों से टप्पे खाकर फिर सेंटर में आकर चुप खड़ी है। अब इसे न तुम हिला रहे हो, न मैं। कल से मैं उपन्यास पढ़ रहा हूँ और तुम फ़िल्मी पत्रिका के पन्ने पलट रहे हो। शब्दों का लेन-देन मिट गया और चर्चा के विषयों पर चूक गए। परिवार, बच्चे, नौकरी, फ़िल्म राजनीति, रिश्तेदार, तबादले, पुराने दोस्त, परिवार-नियोजन, महँगाई, साहित्य और यहाँ तक कि आँख मार-मारकर हमने पुरानी प्रेमिकाओं का भी ज़िक्र कर लिया और अब एक चुप्पी है। सौहार्द अब शनै: शनै: बोरियत में रूपान्तरित हो रहा है। भावनाएँ गालियों का स्वरूप ग्रहण कर रही हैं। पर तुम जा नहीं रहे। किसी अदृश्य गोंद से तुम्हारा व्यक्तित्व यहाँ चिपक गया है। मैं इस भेद को सपरिवार नहीं समझ पा रहा हूँ।

(1) **मुस्कुराहट फीकी होने का क्या कारण है?**
- (क) पहले मेहमान के साथ रहकर प्रसन्नता होती थी, अब बोरियत होने लगी।
- (ख) पहले रिश्तेदारों के आने की अधिक प्रसन्नता होती थी
- (ग) पहले अतिथियों के ज़्यादा दिन रुकने से प्रसन्नता होती थी।
- (घ) पहले मेहमान नवाज़ी में प्रसन्नता नहीं होती थी।

(2) **अतिथि आगमन से पहले लेखक और अतिथि के सम्बन्ध कैसे थे? विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए–**

(i) बोरियत भरे (ii) आत्मीयता से रहित (iii) सौहार्दपूर्ण (iv) रूखे

**विकल्प:–**

(क) केवल (i) (ख) केवल (ii) (ग) केवल (iii) (घ) (iii) और (iv)

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**कथन (A) :** बातचीत और ठहाकों में परिवर्तन हो गया।

**कारण (R) :** आपसी वार्ता लगभग बन्द हो गई और ठहाके समाप्त हो गए।
- (क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
- (ख) कथन (A) सही तथा कारण (R) गलत है।
- (ग) कथन (A) गलत तथा कारण (R) सही है।
- (घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(4) **लेखक अतिथि से क्या चाहता था?**

(क) जल्दी ही दुबारा आए (ख) घर में कुछ समय और रह जाए

(ग) अगली बार वह सपरिवार आए (घ) वह घर में अब ज़्यादा समय तक न टिके

(5) **लेखक का सौहार्द बोरियत में क्यों बदल गया?**
- (क) क्योंकि मेहमान लम्बे समय तक टिक गया
- (ख) क्योंकि मेहमान जल्दी ही घर जाने लगा
- (ग) क्योंकि मेहमान का और देर तक टिकने का विचार बदल गया
- (घ) इनमें से कोई नहीं

12. **निम्नलिखित दो प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** 1×2=2

(1) **बुढ़िया ने भगवाना को बचाने हेतु क्या-क्या किया? उचित विकल्प का चयन कीजिए–**

(i) ओझा बुलाया (ii) दान-दक्षिणा दी

(iii) नाग-देवता की पूजा की (iv) उपर्युक्त सभी

(क) केवल (i) (ख) केवल (ii) (ग) केवल (iii) (घ) केवल (iv)

(2) **लेखक की पत्नी अतिथि के सत्कार से दुःखी होकर क्या बनाने को कहती है?**

(क) खिचड़ी (ख) पुलाव (ग) आलू (घ) खीर

# खण्ड 'ब'
# (वर्णनात्मक प्रश्न)

40

## पाठ्य पुस्तक

12 अंक

13. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए– 3×2=6

(1) वृद्धा का बाज़ार में खरबूजे बेचना, वहाँ खड़े लोगों को बेहयाई क्यों लगी?

(2) बिना सहयोग एवं सहायता की भावना से सम्मिलित अभियान संभव नहीं है। लेखिका बछेन्द्री पाल ने ऐसा क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए।

(3) अतिथि को जाने के लिए लेखक ने किस-किस तरह के संकेत दिए ?

14. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए– 3×2=6

(1) हमें हर छोटी बड़ी वस्तु की कद्र करनी चाहिए इस भाव के लिए रहीम ने कौन - सा उदाहरण दिया है ?

(2) खुशबू रचते हैं हाथ' कविता को लिखने का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(3) मनुष्य को किसी भी सहारे की चाह क्यों नहीं करनी चाहिए? अग्निपथ कविता के आधार पर लिखें ।

15. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- 3×2=6

(1) गिल्लू पाठ के आधार पर कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है ?

(2) स्मृति पाठ को पढ़ने के बाद किन-किन बाल-सुलभ शरारतों के विषय में पता चलता है? अपने विचार प्रकट कीजिए।

(3) त्रिपुरा में बाहरी लोगों के आने से क्या-क्या समस्याएं उत्पन्न हुई ?बाहरी आगमन ने वहां के जनजीवन को किस प्रकार प्रभावित किया ? कल्लू कुम्हार की उनाकोटी पाठ के आधार पर लिखिए

16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए— 6 ×1=6

(i) पर्वतीय स्थल की यात्रा

यात्रा का उद्देश्य, तैयारी, यात्रा वर्णन का लाभ

(ii) दहेज : एक अभिशाप

सामाजिक समस्या, रोकथाम के उपाय, युवकों का कर्तव्य

(iii) मित्रता

मित्रता की आवश्यकता, मित्र का चुनाव, मित्रता सब सुखो का मूल


6

17 मित्र के पिता की अचानक मृत्यु पर मित्र को सांत्वना पत्र लिखिए

(अथवा)

खेलकूद में अधिक समय व्यतीत करने की हिदायत देते हुए छोटी बहन को पत्र लिखिए ।

18. *प्रस्तुत चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर कोई लेख अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा और स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।* 5×1=5



19. सिनेमा देखकर निकलते हुए पति-पत्नी का संवाद लगभग 100 शब्दों में लिखिए। 5×1=5

**अथवा**

पृथ्वी सारे संसार का भार सहती है और आकाश जीवन देता है। दोनों में श्रेष्ठता निर्धारित करने के लिए विज्ञान के दो विद्यार्थियों की परस्पर चर्चा को लगभग 100 शब्दों में लिखिए।